# Rajasthan Medical Services Corporation Limited

Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005 (Raj.)
Phone No: 0141-2228066 , 2228064 Fax No. 0141-2228065 Website: www.rmsc.nic.in
CIN:U24232RJ2011SGC035067 E_mail : edprocurement@gmail.com, and rmsc@nic.in

**Ref. No.:-** F.02(146)/RMSC/PROCUREMENT/DRUG/NIB-16/2014/ 1707 Dated: 07-01-2015

## Corrigendum-2

**Subject:-Amended technical specifications and other conditions of bid document for the bid of drugs**

**NIT Ref No: - F.02(146)/RMSC/ PROCUREMENT/DRUG/NIB-16/2014/1564 Dated:-11.12.2014. (Technical bid opening due on 20.01.2015)**

| S. No | Existing condition / technical specification/Packing Unit/Quantity (clause no.) | Amended condition / technical specification/ Packing Unit/Quantity. |
|---|---|---|
| 1. | Clause 15(C) ITEM CODE 448W- **Ferrous Sulphate and Folic Acid Syrup**<br>C. **PACKING :**<br>**Primary Package**:<br>The monograph carton should also contain a 1 pager instruction leafer in local language. *(Draft-annexed)* | Clause 15(C) ITEM CODE 448W- **Ferrous Sulphate and Folic Acid Syrup**<br>C. **PACKING :**<br>**Primary Package**:<br>The mono carton should also contain a 1 pager instruction leafet in local language Hindi. *(Draft-annexed below as **Annexure : leaflet**)* |

**Rest terms and conditions will remain the same.**

*Enclosed: Annexure leaflet*

**Executive Director (Proc.)**
**RMSC**

Ref. No.:- F.02(146)/RMSC/PROCUREMENT/DRUG/NIB-16/2014/ 1707 Dated: 07-01-2015

***Annexure: leaflet***
***[ Ref. to Clause 15(C)C ]***

## दवा (IFA Syrup) सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी

इस दवा (IFA Syrup) के कुछ सामान्य प्रश्नों के उत्तर इस पत्रक द्वारा प्राप्त होंगे। ये डॉक्टर, ANM या ASHA से बात करने की महत्ता की जगह नहीं लेता। इस दवा को बच्चे को देने से पहले कृपया इस पत्रक को ध्यान से पढें। यदि इस दवा के बारे में आपके मन में कोई भी सवाल हैं तो कृपया नजदीकी डॉक्टर, ANM या ASHA से पूछे। इस पत्रक को आप अपनी दवाई के साथ रखे, शायद इसे दुबारा पढ़ना पढ़े।

- यह दवा (IFA Syrup) किसके लिए ?

6–59 माह की उम्र के सभी बच्चों को यह दवा देनी चाहिए। एनीमिया की रोकथाम के लिए प्रत्येक बच्चे को यह दवा नियमित देनी चाहिए। एनीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए डॉक्टर, ANM या ASHA की सलाह पर आवश्यकता से अधिक दवा देने की सलाह भी दी जा सकती हैं।

- दवा : कितनी मात्रा में दी जानी हैं ?

1 मि.ली. – सप्ताह में दो बार जैसे सोमवार एवं गुरूवार, मंगलवार एवं शुक्रवार आदि।

- इस दवा (IFA Syrup) का उपभोग से क्या लाभ हो सकता हैं ? दवा को सप्ताह में दो बार लेने के लाभ :–
  - ❖ यह दवा (IFA Syrup), लौह की कमी से होने वाले एनीमिया की रोकथाम और उसके इलाज के लिए iron और folic acid का एक साधन हैं। Iron और Folic acid बच्चे के शारीरिक, मानसिक, ज्ञानात्मक और प्रजनन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता हैं।
  - ❖ लौह की कमी से होने पर एनीमिया पीड़ित बच्चों में थकावट, कम सक्रिय, कम ज्ञानात्मक विकास और विद्यालय में कार्यशीलता कम हो जाती हैं।.
  - ❖ 1मि.ली. दवा सप्ताह में दो बार लेने से बच्चें के स्वास्थ्य में सुधार, सक्रियता एवं पढ़ाई में एकाग्रता और बच्चें की समझदारी बढ़ती हैं।
  - ❖ बच्चें क्रियाशील, सतर्क बनते हैं एवं जल्दी थकते नहीं हैं।
- इस दवा (IFA Syrup) को किस किसको पिलाना चाहिए ?
  - ❖ 6–59 माह की उम्र के बच्चों को उनकी माताओं या उनके परिवार के वयस्कों के द्वारा पिलाना चाहिए।
  - ❖ 1मिली दवा (IFA Syrup) देने की तकनीक ASHA/ANM या डाक्टर से सीखे।

- इस दवा (IFA Syrup) को कब पिलावे ?
  - ❖ दवा बच्चें को खाली पेट नहीं देनी चाहिए।

- ❖ दवा बच्चें को तब ही देदे जब कम से कम आधी कटोरी खाना खाया हो, सामान्यतः स्तनपान या रात के खाने के बाद ही दी जानी चाहिए।
- ❖ दवा देने के साथ–साथ खाने में बच्चों को लौह तत्व बढ़ाने वाले पदार्थ जो आसानी से पचाए जा सके वो देने चाहिए। लौह बढ़ाने वाले तत्व विटामिन सी से भरे खानें में होता हैं जैसे नींबू, अमरूद, आंवला, नारंगी, किण्वित या अंकुरित खाना आदि।

- **बच्चें को दवा देने से पहले डॉक्टर से सलाह लेवे, यदि :–**
  - ❖ बच्चा बीमार हैं (उदाहरणतः बुखार होना, डॉयरिया, निमोनिया, मलेरिया आदि।)
  - ❖ बच्चें को किसी दवा से रिएक्शन या एलर्जी (दुष्प्रभाव) है तो।
  - ❖ बच्चा गम्भीर कुपोषण से पीड़ित हैं तो। (इसके बारे में ASHA के द्वारा बताया जाएगा)। बच्चें को खून चढ़ाया (Blood Transfusion) जा रहा हो।
- **बच्चें को दवा नहीं पिलावे, यदि –**
  - ❖ दवा की शीशी को देने की अन्तिम तिथि (expiry date) निकल जाने पर या दवा में कुछ गड़बड़ी होने का अंदेशा हो।
- **कृपया घबराऐं नहीं यदि :–**
  - ❖ कुछ बच्चों में दवा के कारण जी मिचलाना, पेट की परेशानी, दस्त, कब्ज आदि हो सकते हैं। ये मंद नुकसान सामान्यतः अस्थाई होते हैं और बच्चें के शरीर में दवाईयों के प्रति अनुकूलन होने लगता हैं जिससे इनका प्रभाव गायब होने लगता हैं।
  - ❖ यदि ऐसा कोई प्रभाव निरन्तर रहता है, तो आप ASHA/ ANM या डॉक्टर को सम्पर्क कर।
  - ❖ सामान्यतः आयरन युक्त दवाईयों के कारण टट्टी का रंग काला होता है परन्तु यह नुकसानदायक नहीं होता, इसलिए अपने बच्चे की काली टट्टी को देखकर चिन्ता न करे।
  - ❖ इन संभावित दुष्प्रभावों की सूची देखकर चिंतित न हो।
- **इस दवा को कैसे सुरक्षित रखे। :–**
  - ❖ दवा की शीशी को अपने बच्चों से दूर रखें, उसकी आवश्यकता से अधिक खुराक बच्चें के लिए नुकसानदेह हो सकती हैं।
  - ❖ दवा की शीशी ठण्डी और सूखी जगह पर रखे और सूर्य की रोशनी से दूर रखे।
  - ❖ दवा की शीशी को गुसलखाने/स्नानघर में, सिंक के पास या खिड़की के पास न रखे।
  - ❖ दवा की शीशी के ढ़क्कन को दवा पिलाने के बाद कस के (tightly) बंद करे।